5. (a) 2 किमी, 2 किमी, 3 किमी, 4किमी, (ं) 1 घण्टा (2 से 3 बजे के बीच में)

6. ग्राफ को पढ़कर दी गई दो सूचनाओं के मध्य सम्बन्ध निर्धारित किया जा सकता है।

चित्र 17.1

चित्र 17.4
चित्र 17.3

परिमाप (y)

इकाई - 18 क्षेत्रमिति (मेंसुरेशन)

समलम्ब का क्षेत्रफल

वृत्त की परिधि एवं व्यास में सम्बन्ध

वृत्त का क्षेत्रफल

लम्ब वृत्तीय बेलन का आयतन एवं सम्पूर्ण पृष्ठ

लम्ब वृत्तीय शंकु का आयतन एवं सम्पूर्ण पृष्ठ

18.1 भूमिका

पिछली कक्षा में हमने समान्तर चतुर्भुज के क्षेत्रफल का सूत्र ज्ञात करने के लिए इसके समान आधार और समान ऊúचाई के आयत के क्षेत्रफल के सूत्र का प्रयोग किया था। उसी प्रकार किसी समलम्ब चतुर्भुज के क्षेत्रफल का सूत्र निकालने में समान्तर चतुर्भुज के क्षेत्रफल से सम्बन्धित तथ्यों का प्रयोग करेंगे। प्राय: अनुभव करने पर ऐसा प्रतीत होता हैð कि आयत की तुलना में वृत्त का अध्ययन कुछ कठिन होता है उसी प्रकार घनाभ की तुलना में आतिपरिचित ठोसों, बेलन, शंकु आदि के अध्ययन में कुछ कठिनाइयाँ सम्मुख आती हैं। इन ठोसों के अध्ययन में वास्तविक कठिनाई तब आती है जब हम बेलन, शंकु आदि के पð४ीय क्षेत्रफलों और आयतन के विषय में बात करते हैं। कारण यह है कि व‰ाŠपð४ का क्षेत्रफल एक नवीन धारणा है। हम देखेंगे कि जिन ठोसों की विवेचना की जा रही है, उनके लिए सदðव एक ऐसा तुल्य समतल क्षेत्र प्राप्त करना सम्भव होता है जिसके आधार पर व‰ाŠपð४ का क्षेत्रफल ज्ञात किया जा सके।

इस पाठ में हम समलम्ब का क्षेत्रफल, वृत्त की परिधि एवं व्यास में सम्बन्ध, वृत्त का क्षेत्रफल, लम्ब वृत्तीय बेलन व शंकु का सम्पूर्ण पð४ एवं आयतन के लिए जो सूत्र विकसित करेंगे अथवा जिनका कथन देंगें वे हमारे दðनिक जीवन में अत्यन्त लाभप्रद है ‡‹योंकि पग-पग पर हमारा सामना ऐसी आ‡ðŠतियों से प्राय: होता रहता है।

18.2 समलम्ब का क्षेत्रफल

इन्हें देखिए और निष्कर्ष निकलिए

पाश्वाÄंकित चित्र समलम्ब ABCD को देखिए।

इस चतुर्भुज में AB II DC तथा AD और BC असमान्तर भुजाएँ हैं। समान्तर भुजाआें AB और DC में से किसी एक भुजा को समलम्ब का आधार कहते हैं। इन समान्तर भुजाआें के बीच की दूरी को समलम्ब की ऊúचाई कहा जाता है। चित्र में इस ऊúचाई AN = CM = h से प्रदर्शित किया गया है।

हम देखते हैं कि विकर्ण AC द्वारा समलम्बीय क्षेत्र ABCD को दो त्रिभुजीय क्षेत्र ABC और ACD में बाúट दिया गया है।

अत: समलम्ब ABCD का क्षेत्रफल = त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल + त्रिभुज ACD का क्षेत्रफल

मान लिया AB = b1 और DC= b_2

$\left(\frac{-8+9}{12}\right)+\left(\frac{-1}{5}\right)$ का क्षेत्रफल = $b_1 \times h$

और $\overline{3 \times 3}$ का क्षेत्रफल = $b_2 \times h$

अत: समलम्ब ABCD का क्षेत्रफल = $b_1 \times h + b_2 \times h$

= $(b_1 + b_2)\, h$

अत:

समलम्ब का क्षेत्रफल = 0.5(समान्तर भुजाआें का योग) x ऊúचाई

इन्हें भी देखिए, चर्चा कीजिए और निष्कर्ष निकलिए

दूसरी विधि

दो समान समलम्ब से मिलकर एक समान्तर चतुर्भुज बनता है।

एक समलम्ब का क्षेत्रफल = (समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल)

= $\frac{1}{2}$ (आधार x संगत ऊúचाई)= $1/2(a_1 + a_2) \times$ संगत ऊúचाई

अत:

समलम्ब का क्षेत्रफल = 1/2 (समान्तर भुजाआें का योग) xऊúचाई

उदाहरण : समलम्ब की समान्तर भुजाएँ 15 मी और 8 मी हैं, उनके बीच की दूरी 12 माé है। समलम्ब का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

चित्र 18।5

हल : समलम्ब का क्षेत्रफल A $=1/2(b_1 + b_2) \times h$

यहा $b_1 = 15$ मी, $b_2 = 8$ मी और $h = 12$मी

अत: A = 1/2 (15+8)x12 मी2

= 138 मी2

उदाहरण 2 : ऊúचाई 3 सेमी वाले एक समलम्ब का क्षेत्रफल 12 सेमी2 है। यदि समान्तर भुजाआ ें में से एक 3 सेमी हो, तो दूसरी की लम्बाई ‡‹या है ?

हल : हम जानते हैं कि समलम्ब के लिए

क्षेत्रफल $=1/2(b_1 + b_2) \times h$

यहाú

क्षेत्रफल = 12सेमी2, h = 3 सेमी

अत:

$= \frac{2 \times 12}{3}$ सेमी

= 8 सेमी

किन्तु b1 = 3 सेमी

इसलिए b2 = 8 सेमी - 3 सेमी = 5 सेमी

अत: समलम्ब की दूसरी भुजा 5 सेमी है।

अभ्यास 18 (a)

1। एक समलम्ब की समान्तर भुजाएँ 3 सेमी और 4 सेमी हैं। इनके बीच की दूरी 3 सेमी है। समलम्ब का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

2.3 सेमी ऊúचाई के समलम्ब का क्षेत्रफल 36 वर्ग सेमी है। इसकी समान्तर भुजाआ ें में से एक भुजा की लम्बाई 9 सेमी है। दूसरी समान्तर भुजा की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

3। निम्नांकित चतुर्भुज ABCD में AB II CDऔर , AB = 8 सेमी, BC = DC = 5 सेमी।

चित्र 18.6

चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

4. एक समलम्ब की समान्तर भुजाएँ 8 मी और 6 मी हैं, और इसकी ऊ‌ंचाई 4 मी है। समलम्ब का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

18.3 वृत्त की परिधि और व्यास में सम्बन्ध

प्रयास कीजिए

पाश्वांकित चित्र को देखिए तथा निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) वृत्त का केन्द्र कौन-सा बिन्दु है ?

(ii) वृत्त की त्रिज्याओं के नाम बताइए।

(iii) वृत्त का व्यास बताइए।

(iv) वृत्त की त्रिज्या और व्यास में सम्बन्ध बताइए।

(v) यदि वृत्त की त्रिज्या r हो, तो वृत्त का व्यास r के पदों में अभिव्यक्त कीजिए।

(vi) यदि वृत्त का व्यास D हो, तो वृत्त की त्रिज्या कितनी होगी।

करीम ने अपने तांगे की पहियों पर 112 सेमी व्यास की हाल लगवाने के लिए गोपी लुहार से पूछा कि हाल के लिए लोहे की कितनी लम्बी पट्टी लगेगी ?

गोपी लोहे की पट्टी की लम्बाई हाल तैयार करने से पहले ज्ञात कर सकता है, क्योंकि वृत्त की परिधि और व्यास में एक निश्चित अनुपात होता है।

इस अनुपात को नीचे दिये गये प्रयोगों से ज्ञात कर सकते हैं।

इन्हें कीजिए

क्रिया विधि

(i) परकार और पेंसिल की सहायता से दफ्ती पर 3.5 सेमी त्रिज्या का एक वृत्त बनाइए। कैंची की सहायता से वृत्त को काट लीजिए।

(ii) टेप अथवा धागे की सहायता से वृत्त की परिधि को नपिए।

नापने पर वृत्त की परिधि = 22 सेमी (लगभग)

वृत्त का व्यास = 7 सेमी

इस प्रकार वृत्त की परिधि और व्यास में अनुपात लगभग निम्न है -

(लगभग)

इन्हें भी कीजिए

दफ्ती पर इसी प्रकार भिन्न-भिन्न माप के तीन या तीन से आधिक वृत्त और बनाइए। कैंची से वृत्तों को कटिए।

इन वृत्तों की परिधि और व्यास को माप कर निम्नांकित सरिणी को पूरा कीजिए।

उपर्यु‡‹त सरिणी में हम देखते हैं कि वृत्तों की परिधि और व्यास का अनुपात लगभग 22/7 है।

इस प्रकार उपरोक्त प्रयोगों से दो निष्कर्ष निकलते हैं:

(i) वृत्त की परिधि का उसके व्यास से अनुपात सभी वृत्तों के लिए एक ही होता है, इनकी माप कुछ भी क्यों न हो।

(ii) $\frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}}$ से प्राप्त संख्या, जो सभी वृत्तों के लिए एक ही होती है, का मान लगभग 3.14 होता है।

इस अनुपात को यूनानी भाषा के वर्णाक्षर π (पाई) द्वारा व्यक्त करते हैं। यह अपरिमेय है परन्तु गणना हेतु इसका मान परिमेय संख्या $\frac{22}{7}$ के लगभग लिया जाता है।

π (पाई) का चार स्थान तक शुद्ध मान 3.1416 है जिसे भारतीय गणितज्ञ **आर्यभट्ट** ने ज्ञात किया था। π का शुद्धतम मान ज्ञात नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह एक **अपरिमेय संख्या** है।

टिप्पणी : गणितज्ञों ने यह तथ्य काफी पहले ही जान लिया था कि वृत्तों की माप से स्वतंत्र, अनुपात $\frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}}$ सभी वृत्तों के लिए एक ही होता है। तथापि इसे सिद्ध बहुत बाद में किया गया, तब जब कि वक्र की लम्बाई की धारणा को ही एक नया अर्थ दिया गया। ऊँची कक्षाओं में जाने पर आप इसकी उत्पत्ति सीखेंगे। अभी तो आपके द्वारा प्रयोगों के आधार पर प्राप्त परिणाम को ही बिना उत्पत्ति के सत्य स्वीकार किया जा सकता है।

अर्थात

$$\frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}} = \pi$$

या, परिधि $= \pi \times$ व्यास

या, परिधि $= 2\pi r$ (r वृत्त की त्रिज्या है।)

संख्या π परिमेय नहीं है।

यह तथ्य एक जर्मन गणितज्ञ जोहान लैम्बर्ट ने बहुत समय बाद 1766 में सिद्ध किया।

आरम्भ के गणितज्ञ π का कोई सन्निकट मान प्रयुक्त करते थे। बेबीलोनियनों ने इस अनुपात (अर्थात π) को 3 माना। आरम्भ के यूनानियों ने π को $\frac{22}{7}$ या 3.14 माना। आर्किमिडीज (ईसा-पूर्व तीसरी शताब्दी) ने दिखाया कि π का मान $3\frac{1}{7}$ तथा $3\frac{10}{71}$ के मध्य स्थित है। एक श्रेष्ठतर सन्निकट मान एक भारतीय गणितज्ञ आर्यभट्ट (476 ई.-550 ई.) ने दिया। इस मान के विषय में उन्होंने यह नियम दिया : 100 में चार जोड़िए, 8 से गुणा कीजिए, 62000 जोड़िए, परिणाम व्यास 20000 वाले वृत्त की परिधि का सन्निकट मान होगा। इस प्रकार उन्होंने π का सन्निकट मान दिया।

$\frac{62832}{20000} = 3.1416$

[illegible] ने [illegible] दशमलव स्थानों तक π का शुद्ध मान दिया। अब कम्प्यूटर की सहायता से π का सन्निकट मान [illegible] ज्ञात की जा चुकी है जो दशमलव के [illegible] स्थानों तक शुद्ध है। 20 स्थान तक शुद्ध π का मान निम्न है

3.14159 26535 89793 23846

अतः यदि अन्यथा न कहा गया हो तो हम गणना के लिए π का मान $\frac{22}{7}$ या 3.14 लिया करेंगे।

अतः π को एक संकेत मानकर परिधि व व्यास तथा परिधि व त्रिज्या में सम्बन्ध निम्नांकित हैं :

> (1) यदि एक वृत्त की परिधि (Circumference) C तथा उसका व्यास (diameter) d हो, तो
>
> $C = \pi d$ तथा $d = \frac{C}{\pi}$
>
> (2) यदि एक वृत्त की परिधि C तथा उसकी त्रिज्या (radius) r हो, तो
>
> $C = 2\pi r$ तथा $r = \frac{C}{2\pi}$

टिप्पणी : चूँकि सभी संख्यात्मक परिकलनों में हम π के एक सन्निकट मान का प्रयोग करेंगे, अतः यह परिणाम, अर्थात C अथवा r का प्राप्त मान केवल एक सन्निकट मान है, चाहे इसे स्पष्ट कहा जाए या नहीं।

उदाहरण 3 : उस वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए जिसकी त्रिज्या 21 सेमी है।

हल : ∵ परिधि = $2\pi r$

यहाँ r = 21 सेमी

∴ परिधि = $2\pi \times 21$ सेमी

= $2 \times \frac{22}{7} \times 21$ सेमी

= 132 सेमी

अतः वृत्त की परिधि = 132 सेमी

उदाहरण 4 : दौड़ के लिए वृत्ताकार ट्रैक (रास्ता) ऐसा बनवाना है कि एक चक्कर में 110 मीटर की दौड़ पूरी हो जाए। इस ट्रैक का व्यास कितना होगा ?

हल : वृत्त की परिधि = 110 मीटर

व्यास = $\frac{\text{परिधि}}{\pi}$

व्यास = $\frac{110}{\pi}$ मीटर

= $\frac{110}{\frac{22}{7}}$ मी

= $\frac{110 \times 7}{22}$ मी

= 35मीटर

अतः ट्रैक का व्यास = 35 मीटर

उदाहरण 5 : जिस वृत्त की परिधि 15.7 सेमी है उसका व्यास ज्ञात कीजिए।

हल : हम जानते हैं कि

C = πD

यहाँ C = 15.7 सेमी

D = $\frac{C}{\pi}$ = $\frac{15.7}{22} \times 7$ सेमी

$\frac{109.9}{22}$ सेमी = 5 सेमी (लगभग)

उदाहरण 6 : तार के एक टुकड़े को जो 8.9 सेमी लम्बे तथा 5.4 सेमी चौड़े आयत के रूप में था, नयी आकृति प्रदान कर एक वृत्त के रूप में मोड़ा जाता है। इस वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

हल : तार की लम्बाई = आयत की परिमाप

= 2 × (8.9 + 5.4) सेमी

= 28.6 सेमी

चित्र 18.9

इन त्रिज्यखंडों को दो बराबर समूहों में बाँट लीजिए। एक समूह के शीर्ष नीचे तथा दूसरे समूह के शीर्ष ऊपर की ओर रख कर निम्नांकित चित्रानुसार व्यवस्थित कीजिए।

यह आयताकार क्षेत्र की भाँति दिखाई दे रहा है किन्तु ठीक-ठीक आयत नहीं है। क्यों ?

18.12

चित्र 18.13

यदि इसी प्रकार से और अधिक त्रिज्यखंड करके व्यवस्थित करने की कल्पना करें तो हम आयताकार क्षेत्र के बिल्कुल पास होंगे। इस प्रकार वृत्तीय क्षेत्र आयताकार क्षेत्र के बराबर होगा।

आयताकार क्षेत्र की लम्बाई वृत्त की परिधि की आधी होगी और चौड़ाई वृत्त की त्रिज्या होगी। क्यों ?

मान लिया वृत्त की त्रिज्या = r सेमी

वृत्त की परिधि = $2\pi r$ सेमी

$\frac{1}{2} \times$ (वृत्त की परिधि) = πr सेमी

या आयताकार क्षेत्र की लम्बाई = πr सेमी

और आयताकार क्षेत्र की चौड़ाई = r सेमी

आयताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल = $\pi r \times r$ सेमी^{2}

= πr^2 सेमी^{2}

अतः वृत्त का क्षेत्रफल = πr^2 सेमी^{2}

वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi \times$ त्रिज्या^{2}

= πr^2

क्षेत्रफल सम्बन्धी सरल प्रश्न

उदाहरण 7 : घास के मैदान में एक खूँटे से बँधी एक गाय 10.5 मी दूरी तक घास चर सकती है। वह कितने क्षेत्रफल की घास चर सकती है ?

हल : गाय 10.5 मीटर त्रिज्या के वृत्ताकार क्षेत्र की घास चर सकेगी।

त्रिज्या = 10.5 मी

= $\frac{21}{2}$ मी

अभीष्ट क्षेत्रफल = $\pi \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}$ मी^{2}

= $\frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2}$ मी^{2}

= $\frac{693}{2}$ मी^{2}

= **346.5 मी^{2}**

उदाहरण 8 : एक वृत्ताकार [illegible] घर के फर्श का क्षेत्रफल 55 वर्ग मी है। कमरे की भीतरी त्रिज्या दशमलव के दो स्थान तक शुद्ध ज्ञात कीजिए, जब कि दिया है $\pi = \frac{22}{7}$

हल : मान लीजिए कि त्रिज्या = r मी

$\therefore \pi r^2 = 55$

$\frac{22}{7} \times r^2 = 55$

$r^2 = \frac{55 \times 7}{22}$

$= 2.5 \times 7 = 25 \times 0.7$

$r = 5 \times \sqrt{0.7}$

$= 5 \times 0.8366 = 4.18$

अतः भीतरी त्रिज्या = 4.18 मी

उदाहरण 9 : त्रिज्या 2.1 सेमी वाले एक वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

हल : हम जानते हैं कि

वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल = πr^2

यहाँ $r = 2.1$ सेमी, तथा हम $\pi = \frac{22}{7}$ ले रहे हैं।

वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल = $\frac{22}{7} \times 2.1 \times 2.1$ सेमी^{2}

= 13.86 सेमी^{2}

उदाहरण 10 : एक वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल 154 सेमी² है। वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

हल : हम जानते हैं कि वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल A निम्न होता है।

$$A = \pi r^2$$

$$\therefore r = \sqrt{A \div \pi}$$

यहाँ A = 154 सेमी² है। $\pi = \frac{22}{7}$ मान लीजिए।

तब $r = \sqrt{154 \times \frac{7}{22}}$ सेमी = 7 सेमी

अत: वृत्त की त्रिज्या 7 सेमी है।

उदाहरण 11 : एक वृत्ताकार मैदान की त्रिज्या 56 मी है। मैदान के बाहर चारों ओर 7 मी चौड़ी सड़क बनी है। सड़क का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

हल : छोटे वृत्त की त्रिज्या = 56 मी

बड़े वृत्त की त्रिज्या = (56 + 7) मी = 63 मी

चित्र 18.14

अब छोटे वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल = $\frac{22}{7} \times 56 \times 56$ मी²

बड़े वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल = $\frac{22}{7} \times 63 \times 63$ मी²

सड़क का क्षेत्रफल = $\frac{22}{7} \times 63^{[illegible]} - \frac{22}{7} \times 56^{[illegible]}$

= $\frac{22}{7}(63^2 - 56^2)$ मी²

= $\frac{22}{7}(63-56)\times(63+56)$ मी²

= $\frac{22}{7} \times 7 \times 119$ मी²

= **2618 मी²**

प्रयास कीजिए :

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

क्रम संख्या	वृत्त की परिधि	वृत्त की त्रिज्या	वृत्त का क्षेत्रफल
1.	-	3.5 सेमी	-
2.	-	-	154मी²
3.	3.14 मी	-	-
4.	-	-	12.56मी²
5.	-	2.5मी	-

अभ्यास 18 (C)

1. उस वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल बताइए जिसका व्यास 14 सेंमी है।

2. एक वृत्ताकार दफ्ती का क्षेत्रफल 9[illegible] वर्ग सेंमी है। उसका व्यास बताइए।

3. 28 सेमी भुजा की लोहे की वर्गाकार चादर से [illegible] बड़ा वृत्ताकार [illegible] तवा तैयार करता है। तवे का क्षेत्रफल बताइए। कितनी चादर बची रहेगी ?

   संकेत - तवे का व्यास = वर्ग की भुजा

4. एक अर्ध वृत्ताकार साइनबोर्ड की रंगाई का खर्च 15 पैसा प्रति वर्ग सेमी की दर से ₹. 49.50 है। यदि भीतरी अर्धवृत्त की त्रिज्या 14 सेमी हो, तो बोर्ड की चौड़ाई बताइए।

   चित्र 18.15

5. एक वर्ग और एक वृत्त के परिमाप समान हैं। यदि दोनों के परिमाप 44 सेमी हों, तो किसका क्षेत्रफल अधिक होगा और कितना ?

6. एक वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल दूसरे वृत्ताकार क्षेत्र के क्षेत्रफल का 100 गुना है। उनकी परिधियों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

7. एक प्लास्टिक की आयताकार शीट 36 सेमी × 24 सेमी माप की है। इसमें से 1 सेमी व्यास के 864 वृत्ताकार बटन काट कर निकाल लिए गये हैं। बची शीट का क्षेत्रफल बताइए।

8. एक वृत्ताकार थाली का व्यास 28 सेमी है। उस वृत्ताकार तश्तरी का व्यास बताइए, जिसका क्षेत्रफल इसका आधा हो।

नीचे कुछ वस्तुओं की आकृतियाँ दी गयी हैं। इन्हें देखिये और इसी प्रकार की अपने पास-पड़ोस में पायी जाने वाली अन्य वस्तुओं के भी नाम बताइए।

चित्र 18.16

इन आकृतियों की वस्तुओं के मुख्य भाग आकार में समान हैं और इनके आकार बेलनाकार हैं।

इन्हें कीजिए

प्रयोग 1 : दफ्ती के समान मोटाई वाली शीट के समान त्रिज्या वाले वृत्ताकार टुकड़ों को काटिए। इन वृत्ताकार टुकड़ों को काट कर एक दूसरे के ऊपर इस प्रकार रखिए कि एक दूसरे को पूरा-पूरा ढँक ले और देखिए कि निर्मित आकृति बेलन है अथवा नहीं। हम देखते हैं कि इस प्रकार निर्मित आकृति बेलनाकार है।

चित्र 18.17

वृत्तीय समतल परिच्छेद (Cross-section) की त्रिज्या को बेलन की त्रिज्या कहते हैं। पार्श्व चित्र में बेलन की त्रिज्या बताइए।

बेलन के वृत्तीय समतल परिच्छेद के केन्द्र से हो कर जाने वाली रेखा को बेलन का अक्ष कहते हैं। पार्श्व चित्र में बेलन के अक्ष का नाम बताइए।

बेलन का निचला वृत्ताकार तल आधार कहलाता है। बेलन में कितने आधार होंगे?

बेलन को उलट देने पर इसका ऊपरी तल आधार बन जायेगा।

बेलन के दोनों आधारों के बीच की दूरी को बेलन की लम्बाई या बेलन की ऊँचाई (h) कहते हैं।

चित्र 18.18

यदि बेलन का अक्ष प्रत्येक वृत्तीय परिच्छेद के लम्बवत् है तो बेलन को लम्ब वृत्तीय बेलन कहते हैं।

यहाँ हम लम्ब वृत्तीय बेलन को केवल बेलन कहेंगे।

प्रयोग 2 : एक आयताकार मोटा कागज लीजिए। कागज की चौड़ाई को मोड़कर चित्रानुसार (पार्श्व चित्र) बेलन बनाइये। देखिए आयताकार कागज की लम्बाई बेलन की ऊँचाई और आयताकार कागज की चौड़ाई बेलन के आधार की परिधि है।

चित्र 18.19

इसी प्रकार यदि लम्बाई को मोड़ कर बेलन बनायें, तो बेलन की ऊँचाई और परिमाप क्या होगा?

आयताकार कागज को उसकी एक भुजा के परितः घुमायें तो किस प्रकार की आकृति निर्मित होगी?

हम देखते हैं कि आयताकार कागज को उसकी एक भुजा के परितः घुमाने पर भी एक लम्ब वृत्तीय बेलन बनता है।

अतः

> **किसी आयत को उसकी एक भुजा के परितः घुमाने से बने ठोस को लम्ब वृत्तीय बेलन कहते हैं। जिस भुजा के परितः घुमाया जाता है, उस भुजा की लम्बाई बेलन की ऊँचाई तथा दूसरी भुजा बेलन के आधार की त्रिज्या होती है।**

लम्ब वृत्तीय बेलन का उपरोक्त वर्णन हमारे मस्तिष्क के सम्मुख दो भिन्न-भिन्न किन्तु संबंधित आकृतियाँ उपस्थित करता है। खोखला बेलन तथा ठोस बेलन।

18.5.2 लम्ब वृत्तीय बेलन का आयतन

मान लीजिए कि बेलन की ऊँचाई h मात्रक और त्रिज्या r मात्रक है।

हम जानते हैं कि घनाभ का आयतन = लम्बाई × चौड़ाई × ऊँचाई

397

किन्तु लम्बाई × चौड़ाई = घनाभ के आधार का क्षेत्रफल

अतः घनाभ का आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊँचाई

उपर्युक्त परिणाम बेलन के लिए भी लागू होता है।

अतः बेलन का आयतन = आधार का क्षेत्रफल × ऊँचाई

= $\pi r^2 \times h$ घन मात्रक

= $\pi r^2 h$ घन मात्रक

अतः

बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$

18.5.3 लम्ब वृत्तीय बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ

पार्श्वांकित बेलन को देखिए। बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ इसके वक्र पृष्ठ और समतल पृष्ठों को मिला कर बना है। बेलन के दो समतल पृष्ठ समान त्रिज्या के वृत्त हैं।

इस प्रकार बेलन के दोनों समतल पृष्ठों का क्षेत्रफल

= $\pi r^2 + \pi r^2$ (r वृत्त की त्रिज्या)

= $2\pi r^2$

चित्र 18.20

अब कागज का एक खोखला बेलन बनाइए। टेप से जोड़ कर बेलन पर ऊँचाई के समान्तर एक रेखा खींचिए। इस रेखा खंड के अनुदिश कैंची से बेलन को काटिए और उसे खोलिए। देखिए [illegible] से एक आयताकार [illegible]

आप भी देख लें कि आयताकार टुकड़े की भुजाओं की लम्बाईयाँ $2\pi r$ तथा h हैं।

चित्र 18.21

18.22

इस प्रकार बेलन के वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल = $2\pi r \times h$

= $2\pi r h$

बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ = बेलन का वक्रपृष्ठ + दोनों समतल पृष्ठों का क्षेत्रफल

= $2\pi r h + 2\pi r^2$

= $2\pi r(h + r)$

बेलन का वक्रपृष्ठ = $2\pi r h$

बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ = $2\pi r(h + r)$

उदाहरण 12 : एक बेलन की ऊँचाई 18 सेमी तथा त्रिज्या 10.5 सेमी है। इस बेलन का आयतन, वक्रपृष्ठ और सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

हल : यहाँ $r = 10.5$ सेमी और $h = 18$ सेमी

∴ बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$

= $\left(\frac{22}{7} \times 10.5 \times 10.5 \times 18\right)$ सेमी^{3}

= 6237 सेमी^{3}

वक्रपृष्ठ = $2\pi r h$

= $\left(2 \times \frac{22}{7} \times 10.5 \times 18\right)$ सेमी^{2}

= 1188 सेमी^{2}

आधार का क्षेत्रफल = πr^2

= $\left(\frac{22}{7} \times 10.5 \times 10.5\right)$ सेमी^{2}

= 346.5 सेमी^{2}

सम्पूर्ण पृष्ठ = वक्रपृष्ठ + 2 × आधार का क्षेत्रफल

= (1188 + 2 × 346.5) सेमी^{2}

= (1188 + 693) सेमी^{2}

= **1881 सेमी^{2}**

उदाहरण 13 : 550 घन सेमी लोहे से लम्ब वृत्तीय बेलनाकार सरिया बनाई जाती है। यदि सरिया का व्यास 1 सेमी हो, तो सरिया की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

हल : मान लीजिए कि सरिया की लम्बाई = h सेमी

सरिया (बेलन के आकार में) का आयतन = $\pi \times (0.5)^2 \times h$

प्रश्नानुसार, सरिया का आयतन = लोहे का आयतन

अतः $\pi \times 0.5 \times 0.5 \times h = 550$

या, $\frac{22}{7} \times 0.5 \times 0.5 \times h = 550$

या, $h = \frac{550 \times 7}{22 \times 0.5 \times 0.5}$

या, h = 700 सेमी

= 7 मी

अतः **सरिया की लम्बाई = 7 मी**

प्रयास कीजिए :

बेलन के सम्बन्ध में निम्नांकित सारिणी को पूरा कीजिए :

क्रम संख्या	त्रिज्या	ऊँचाई	वक्रपृष्ठ	सम्पूर्ण पृष्ठ	आयतन
(i)	7 सेमी	7 सेमी	-	-	-
(ii)	7 सेमी	-	-	-	3080 घन सेमी
(iii)	-	15 सेमी	1320 वर्ग सेमी	-	-

अभ्यास 18 (d)

1. एक लम्ब वृत्तीय बेलन के आधार का क्षेत्रफल 100 वर्ग सेमी है। यदि बेलन की ऊँचाई 10 सेमी है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजिए।
2. एक वर्गाकार कागज जिसकी भुजा 25 सेमी है, उसको मोड़ कर बेलन बनाया गया है। बने बेलन का वक्र पृष्ठ ज्ञात कीजिए।
3. एक लम्ब वृत्तीय बेलनाकार ड्रम का व्यास 55 सेमी तथा लम्बाई 120 सेमी है। इस ड्रम में कितने लीटर पानी आयेगा ?
4. यदि एक रोलर का व्यास 70 सेमी और लम्बाई 2मी है, तो बताइए कि 50 चक्कर में रोलर कितने वर्ग मीटर चलेगा।
5. 3 मीटर व्यास का 14 मीटर गहरा कुआँ 30 रुपया प्रति घन मीटर की दर से खोदने में कितना रुपया खर्च होगा?
6. एक 11 सेमी व्यास वाले बेलनाकार बर्तन में कुछ पानी भरा है। यदि 5.5 सेमी भुजा का एक घनाकार ठोस पूरी तरह पानी में डुबो दिया जाय, तो बर्तन में पानी की सतह कितनी ऊपर उठ जायेगी ?
7. एक 17 सेमी लम्बे और 7 सेमी चौड़े आयत को चौड़ाई के परितः घुमाने पर बने बेलन का आयतन और वक्र पृष्ठ ज्ञात कीजिए।
8. यदि एक लम्बवृत्तीय बेलन के आधार की त्रिज्या 7 सेमी तथा ऊँचाई 14 सेमी हो, तो बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।
9. एक लम्बवृत्तीय बेलन का वक्रपृष्ठ 1320 वर्ग सेमी है। यदि बेलन की ऊँचाई 15 सेमी हो, तो बेलन के आधार की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

18.6 लम्ब वृत्तीय शंकु का आयतन एवं सम्पूर्ण पृष्ठ

हम जोकर की टोपी, आइसक्रीम कोन, चुमुरे की पुड़िया, आदि बहुत सी वस्तुओं को देखते हैं। इस प्रकार की वस्तुओं को लम्ब वृत्तीय शंकु के आकार वाली वस्तुएँ कहा जाता है। इनका आधार वृत्ताकार और पार्श्व पृष्ठ वक्र होता है।

अपने पास-पड़ोस की लम्बवृत्तीय शंकु के आकार की कुछ और वस्तुओं के नाम बताइए।

समकोण त्रिभुज के आकार की दफ्ती का एक टुकड़ा लीजिए। उसे समकोण बनाने वाली किसी भुजा के परितः घुमाइए। निर्मित ठोस शंकु है अथवा नहीं ?

चित्र 18.23

पार्श्व चित्र को देखिए। इस चित्र में समकोण त्रिभुज VOD को भुजा VO के परितः घुमाने से कर्ण VD की भिन्न-भिन्न स्थितियाँ VD_1, VD_2, VD_3 .... आदि दिखाई गई हैं। ये एक वक्र पृष्ठ का निर्माण कर रही हैं। भुजा OD एक चक्कर पूर्ण कर लेने पर वृत्ताकार समतल क्षेत्र का निर्माण करती है।

इस प्रकार

समकोण त्रिभुज को यदि समकोण बनाने वाली उसकी एक भुजा के परितः घुमाया जाय तो इसके द्वारा निर्मित ठोस को लम्बवृत्तीय शंकु कहते हैं।

401

सोलहवें त्रिज्यखंड के दो बराबर भाग कर के एक भाग (16/1)को प्रारम्भ में तथा दूसरे भाग (16/2)को अन्त में चित्रानुसार व्यवस्थित कीजिए।

चित्र 18.29

चित्र 18.30

बताइए

(i)इस आयत की लम्बाई कितनी होगी ?

(ii) इस आयत की चौड़ाई कितनी होगी ?

हम देखते हैं कि इस आयत की लम्बाई $\frac{2\pi r}{2} = \pi r$ है तथा चौड़ाई l है।

अत: शंकु का पार्श्वपृष्ठ (तिरछा पृष्ठ)

= आयत का क्षेत्रफल

= $\pi r \times l$

= $\pi r l$ वर्ग मात्रक

शंकु का पार्श्व पृष्ठ = $\pi r l$

शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ

= पार्श्व पृष्ठ + आधार का क्षेत्रफल

= $\pi r l + \pi r^2$

= $\pi r (l + r)$ वर्ग मात्रक

अत:

शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ = $\pi r (l + r)$

14 : एक शंकु के आधार की त्रिज्या 3.5 सेमी तथा ऊँचाई 12 सेमी है। शंकु का आयतन तथा वक्र पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

चित्र 18.31

शंकु की ऊँचाई h = 12 सेमी

शंकु की त्रिज्या r = $\frac{7}{2}$ सेमी

तिरछी ऊँचाई l = $\sqrt{h^2 + r^2}$ (सूत्र)

= $\sqrt{12^2 + \frac{7}{2}^2}$

= $\sqrt{144 + \frac{49}{4}}$

= $\sqrt{\frac{625}{4}}$

= $\frac{25}{2}$

= **12.5 सेमी**

शंकु का आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^2 h$ (सूत्र)

$= \frac{1}{3}\pi \times \left(\frac{7}{2}\right)^2 \times 12$ घन सेमी

$= \frac{1}{3}\pi \times \frac{49}{4} \times 12$ घन सेमी

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times \frac{49}{4} \times 12$ घन सेमी

=154 घन सेमी

शंकु का वक्र पृष्ठ $= \pi r l$ (सूत्र)

$= \frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times \frac{25}{2}$

= 137.5 वर्ग सेमी

उदाहरण 15 : 15 मीटर ऊँचे शंक्वाकार तम्बू के आधार की परिधि 44 मीटर है। इस तम्बू को तैयार करने के लिए कितनी कैनवस की आवश्यकता होगी ? तम्बू में आबद्ध वायु का आयतन भी ज्ञात कीजिए।

हल :

आधार की परिधि $= 2\pi r$

$\therefore$ प्रश्नानुसार, $2 \times \frac{22}{7} \times r = 44$

$\therefore \quad r = \frac{44 \times 7}{2 \times 22}$

$\therefore \quad r = 7$ मी

तिरछी ऊँचाई $= \sqrt{h^2 + r^2}$

$= \sqrt{15^2 + 7^2}$

$= \sqrt{225 + 49}$

$= \sqrt{274}$ मी

अतः कैनवस का क्षेत्रफल $=$ शंकु का वक्रपृष्ठ

$= \pi r l$

$= \frac{22}{7} \times 7 \times \sqrt{274}$

$= 22\sqrt{274}$ वर्ग मी

तम्बू द्वारा आबद्ध वायु का आयतन

$V = \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 7^2 \times 15$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 7 \times 7 \times 15$

$= 770$ घन मी

सामूहिक चर्चा कीजिए

1. एक शंकु की तिरछी ऊँचाई 5 सेमी और ऊँचाई 3 सेमी है। शंकु के आधार की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।
2. किसी समकोण त्रिभुज के कर्ण को छोड़ कर किसी अन्य भुजा के परितः त्रिभुज को घुमाने पर कौन-सी आकृति निर्मित होती है ?
3. समान ऊँचाई और समान त्रिज्या के आधार वाले शंकु तथा बेलन के आयतन में क्या अनुपात होगा ?

अभ्यास 18 (ए)

1. पार्श्वांकित चित्र में दिये गये शंकु का वक्र पृष्ठ ज्ञात कीजिए, जब कि VO = 15 सेमी और OB = 8 सेमी है।

चित्र 18.32

2. एक शंकु का आयतन 100 π घन सेमी है। यदि आधार की त्रिज्या 5 सेमी हो, तो उसका वक्रपृष्ठ ज्ञात कीजिए।
3. किसी शंक्वाकार तम्बू के निर्माण के लिए 264 वर्ग मी किरमिच की आवश्यकता पड़ती है। यदि शंकु की तिरछी ऊँचाई 12 मी हो, तो उसकी ऊँचाई ज्ञात कीजिए।
4. एक जोकर की टोपी शंक्वाकार है। यदि उसमें 840 वर्ग सेमी कपड़ा लगा हो और उसके गोल सिर का परिमाप 56 सेमी हो, तो टोपी की तिरछी ऊँचाई ज्ञात कीजिए।
5. उस बड़े से बड़े शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए, जो उस घन से काटा जाय जिसकी प्रत्येक कोर 12 सेमी लम्बी हो।
6. यदि एक लम्बवृत्तीय शंकु के आधार की त्रिज्या 3 सेमी तथा ऊँचाई 4 सेमी है, तो उसका सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।
7. एक लम्बवृत्तीय शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ $301\frac{5}{7}$ वर्ग मीटर तथा उसके आधार की त्रिज्या 6 मीटर है। शंकु की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

दक्षता अभ्यास - 18

1. निम्नांकित कथनों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

   (i) समलम्बाकार क्षेत्र का क्षेत्रफल = ...

   (ii) एक वृत्त की त्रिज्या r सेमी है। इस वृत्त की परिधि = ... तथा उससे घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल = ...

   (iii) एक बेलन के आधार की त्रिज्या r सेमी तथा ऊँचाई h सेमी है। इस बेलन का आयतन = ... तथा वक्रपृष्ठ = ...

   (iv) एक शंकु की त्रिज्या r सेमी, ऊँचाई h सेमी और तिरछी ऊँचाई l सेमी है। इस शंकु का आयतन = ... वक्रपृष्ठ = ... तथा सम्पूर्ण पृष्ठ = ...

2. पार्श्व चित्र में बनी आकृति का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। जहाँ ABCE वर्ग, CDE समद्विबाहु त्रिभुज तथा EFAE एक अर्ध वृत्त है।

चित्र 18.33

3. 5 सेमी आधार त्रिज्या के शंकु के सम्पूर्ण पृष्ठ और वक्र पृष्ठ का अन्तर ज्ञात कीजिए।

4. एक शंकु की ऊँचाई 48 सेमी और आधार का व्यास 28 सेमी है। इस शंकु का आयतन, वक्रपृष्ठ और सम्पूर्ण पृष्ठ ज्ञात कीजिए।

5. एक वृत्ताकार पार्क का व्यास 84 मीटर है। 3.5 मीटर चौड़ी सड़क, पार्क से बाहर चारों ओर बनी हुई है। सड़क का 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मरम्मत कराने का व्यय ज्ञात कीजिए।

6. चित्र 18.34 में 28 सेमी भुजा का एक वर्ग है। इसमें भुजाओं को स्पर्श करता हुआ वृत्त बना है। वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

चित्र 18.34

7. 3.5 मीटर त्रिज्या तथा 20 मी गहराई के कुएं से निकाली गयी मिट्टी को 25 मीटर लम्बे और 16 मीटर चौड़े आयताकार मैदान में फैला दिया जाता है। बताइए मैदान कितनी ऊँचाई तक पट जायेगा, जबकि मिट्टी के आयतन में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

8. किसी रोलर का व्यास 2.4 मी तथा लम्बाई 1.68 मी है। यदि किसी मैदान को समतल करने के लिए उसको 1000 पूर्ण चक्कर लगाने पड़ते हैं, तो मैदान का क्षेत्रफल होगा

   (क) 126720 वर्ग मी

   (ख) 12672 वर्ग मी

   (ग) 1267.2 वर्ग मी

   (घ) 12.672 हेक्टेयर

   (एन.टी.एस. 2015)

9. वर्षा जल संग्रह के लिए एक लम्बवृत्तीय बेलनाकार पक्की टंकी बनायी गयी है, जिसके आधार का व्यास 14 मीटर तथा गहराई 9 मीटर है। इस टंकी में कितना लीटर वर्षा का जल एकत्रित होगा ?

10. एक शंक्वाकार तम्बू के आधार की त्रिज्या 3.5 मीटर तथा ऊँचाई 12 मीटर है। कपड़े की दीवार की मोटाई को नगण्य मानते हुए ज्ञात कीजिए कि तम्बू के बाहरी एवं भीतरी दीवारों तथा फर्श पर कीटाणुनाशक दवाओं का छिड़काव करने पर कुल कितना व्यय होगा यदि प्रति वर्गमीटर ₹ 2.5 खर्च होते हैं।

इस इकाई में हमने सीखा

1. समलम्बाकार क्षेत्र का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}$ (समान्तर भुजाओं का योग) $\times$ समान्तर भुजाओं के बीच की दूरी

2. वृत्त की परिधि व व्यास में सम्बन्ध $= \frac{\text{परिधि}}{\text{व्यास}} = \pi = \frac{22}{7} = 3.14$ (लगभग)

3. वृत्त की परिधि C $= \pi D$, (जहाँ D वृत्त का व्यास है।)
   $= 2\pi r$, ($D = 2r$, r वृत्त की त्रिज्या है)

4. वृत्ताकार क्षेत्र का क्षेत्रफल $= \pi r^2$, (जहाँ r वृत्त की त्रिज्या है)

5 (i). लम्ब वृत्तीय बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$
   (जहाँ r आधार की त्रिज्या तथा h ऊँचाई है)

   (ii) लम्ब वृत्तीय बेलन का वक्रपृष्ठ $= 2\pi r h$

   (iii) लम्ब वृत्तीय बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठ $= 2\pi r(h + r)$

6 (i). लम्ब वृत्तीय शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$
   जहाँ r शंकु के आधार की त्रिज्या तथा h ऊँचाई है।

   (ii) लम्ब वृत्तीय शंकु का वक्रपृष्ठ $= \pi r l$ (जहाँ l शंकु की तिरछी ऊँचाई है।)

   (iii) लम्ब वृत्तीय शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ $= \pi r(l + r)$

अभ्यास 18 (a)

1. 10.5 सेमी^{2} **2.** 15 सेमी **3.** 26 सेमी^{2} **4.** 28 वर्ग मी; **6.** 24 सेमी, 12 सेमी

अभ्यास 18 (b)

1. 5.72 मी, **2.** 38.50 मी, **3.** 1000 चक्कर, **4.** 398 डेसीमी, **5.** 2.1 सेमी, **6.** 2413714.28 किमी, **7.** 2 : 3 **8.** 28.70 मी, 90.2 मी **9.** 84040 किमी

अभ्यास 18 (c)

1. 154 डेसीमी^{2} **2.** 3.5 डेसीमी **3.** 616 सेमी^{2}, 168 सेमी^{2} **4.** 6.15 सेमी, **5.** पुल का क्षेत्रफल, 33 वर्ग सेमी

6. 10 : 1 **7.** $185\frac{1}{7}$ सेमी^{2} **8.** $14\sqrt{2}$ सेमी,

अभ्यास 18 (d)

1. 1000 सेमी^{3} **2.** 625 सेमी^{2} **3.** 285.21 लीटर **4.** 220 वर्ग किमी, **5.** रु. 2970, **6.** 1.75 सेमी, **7.** 6358 घन सेमी, 748 वर्ग सेमी, **8.** 924 सेमी^{2}, **9.** 14 सेमी

अभ्यास 18 (e)

1. 136 π वर्ग सेमी **2.** 65π वर्ग सेमी, **3.** 9.75 मी **4.** 30 सेमी, **5.** 452.57 घन सेमी, **6.** 24π वर्ग सेमी, **7.** 8 मी

दक्षता अभ्यास 18

1. **(i)** $\frac{1}{2}$ (समान्तर भुजाओं का योग) x ऊँचाई, (ii) $2\pi r$, πr^2 (iii) $\pi r^2 h$, $2\pi rh$ **(iv)** $\frac{1}{3}\pi r^2 h$, πrl, $\pi r(l + r)$ **2.** 32.28 वर्ग सेमी, **3.** 78.57 सेमी^{2} **4.** **(i)** 9856 घन सेमी, 2200 वर्ग सेमी, 2816 वर्ग सेमी, **5.** ₹ 19250 **6.** 616 वर्ग सेमी **7.** 1.925 मीटर **8.** (ख) 12672 वर्ग मी, **9.** 1386000 लीटर, **10.** ₹ 783.75

परिशिष्ट : भारतीय प्राचीन गणितीय पद्धति

- गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त
- भाग निखिलम्
- भाग परावर्त्य
- भाग ध्वजांक विधि
- घन सूत्र अनुरूप्येण, घनमूल विलोकनम्

19.1 महान् गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त

भारतीय गणित के इतिहास का मध्यकाल ई. सन् 400 से ई. सन् 1200 तक माना जाता है। इस काल को गणित के इतिहास का स्वर्णयुग कहा जाता है क्योंकि इसी काल में महान् भारतीय गणितज्ञों आर्यभट्ट प्रथम (499 ई.), भास्कर प्रथम (600 ई.), ब्रह्मगुप्त (598 ई.), श्रीधराचार्य (850 ई.), आर्यभट्ट द्वितीय (950 ई.), श्रीपति मिश्र (1039 ई.) नेमीचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती (11वीं शती) और भास्कराचार्य (द्वितीय) (1114 ई.) की महान् उपलब्धियाँ उनकी अमूल्य कृतियों के रूप में गणिताकाश में चमकते सूर्य जैसी प्रकाशमान हुईं।

ब्रह्मगुप्त का जन्म सन् 598 ई. में हुआ था और उनके पिता का नाम जिष्णु था। दक्षिण राजस्थान का एक छोटा-सा नगर भीलमाल (श्रीमाल) इनका जन्मस्थान माना जाता है। इन्होंने केवल 30 वर्ष की आयु में अत्यन्त प्रसिद्ध ग्रन्थ "ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त" की रचना (सन् 628 ई. में) की जिसमें 25 अध्यायों में से केवल दो अध्यायों में गणितीय सिद्धान्तों एवं विधियों का विस्तृत वर्णन किया है। शेष अध्यायों में ज्योतिष विषयक सिद्धान्तों का विवेचन किया गया है।

ब्रह्मगुप्त को अरबवासी गणितज्ञों का आदिगुरु माना जाता है। इनके "ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त" पुस्तक का भारतीय गणितज्ञों की सहायता से अरबी भाषा में अनुवाद किया गया। इन्होंने आर्यभट्ट (प्रथम) की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए "ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त" को श्लोकों में ही वर्णित किया है। ज्ञातव्य है कि शून्य सहित केवल दस संकेतों (0, 1, 2, 3, ...9) द्वारा "दाशमिक स्थानमानपद्धति" द्वारा सभी संख्याओं को व्यक्त करने की परम्परा आर्यभट्ट (प्रथम) द्वारा ही प्रारम्भ की जा चुकी थी। जिसका अनुसरण ब्रह्मगुप्त ने भी किया और ये प्रथम भारतीय गणितज्ञ हैं जिन्होंने बीजगणित में शून्य का प्रयोग करते हुए बताया कि

$a-0=a, -a-0=-a, 0-0=0, a\times0=0, 0\times0=0$ तथा $a\div0$ (कोई भी धन अथवा ऋण राशि ÷ 0) = अनन्त।

इन्होंने अ ÷ 0 को "तच्छेद" कहा है। यहाँ "तच्छेद" का अर्थ है "ख-छेद" अर्थात् अनन्त।

पुष्ट है कि भास्कराचार्य द्वितीय ने इसे "ख-हर" (अनन्तराशि) कहा है। आज "ख-हर" को अपरिभाषित मानते हैं। (शून्य से भाग अपरिभाषित मानी जाती है।)

ब्रह्मगुप्त ने समखात (त्रिज्या), सूची स्तम्भ और शंकु के घनफल निकालने की विधि भी दी है। इन्होंने वर्ग समीकरण ($x^2+px-q=0$) को हल करने का सूत्र $x=\frac{\sqrt{p^2+4q}-p}{2}$ भी दिया है जिससे केवल एक मूल ज्ञात होता है। आगे चल कर श्रीधराचार्य ने वर्ग समीकरण के दोनों मूल ज्ञात करने का सूत्र दिया है जो उनके नाम से आज भी प्रचलित है।

ब्रह्मगुप्त ने क, ख, ग, घ भुजाओं वाले चक्रीय चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात करने का सूत्र $\sqrt{(स-क)(स-ख)(स-ग)(स-घ)}$ भी दिया है।

जहाँ $स=\frac{क+ख+ग+घ}{2}$

ब्रह्मगुप्त का ज्यामिति के क्षेत्र में अत्यन्त सराहनीय कार्य है। उन्होंने त्रिभुजों, आयतों, समलम्बों, वर्गों इत्यादि के क्षेत्रफल से सम्बन्धित सूत्र प्रतिपादित किये हैं।

अल्बरूनी (1016 ई.) ने "इण्डिका" में ब्रह्मगुप्त के ज्योतिष एवं गणित की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है कि ब्रह्मगुप्त भारतीय गणित के जाज्वल्यमान सितारे हैं, बल्कि विश्वगणित का इतिहास में भी इनका विशेष स्थान है। उल्लेखनीय है कि बीजगणित में ब्रह्मगुप्त ने जिन समीकरण साधनों के नियमों तथा अनिर्णीत द्विघात समीकरण का समाधान प्रस्तुत किया है, उसे ही आयलर ने 1764 ई. तथा लग्रांज ने 1768 ई. में किया है।

19.2 भाग : (निखिलम् विधि) (आधार 10, 100)

वैदिक गणित में भाग की क्रिया को सरल बनाने के लिए कई विधियाँ हैं, जिनमें एक विधि है, "निखिलम् विधि"।

इसी विधि का प्रयोग वहाँ करते हैं जहा भाजक आधार 10, 100, ... के समीप होता है। इसमें आधार से भाजक का विचलन प्राप्त कर एक संशोधित भाजक प्राप्त करते हैं, और फिर उसी से भाग की क्रिया सम्पन्न की जाती है। उदाहरण द्वारा हम इसे समझते हैं।

उदाहरण 1 : 2312 में 9 का भाग दीजिए।

हल :

	भाज्य			
भाजक 9	2	3	1	2
संशोधित भाजक		2		
10 − 9 = 1			5	
				6
	2	5	6	8

अतः भागफल = 256

शेषफल = 8

क्रियाविधि

(1) यहाँ भाजक 9 है जिसका आधार 10 से विचलन 1 है। यही संशोधित भाजक है।

(2) संशोधित भाजक में चूँकि केवल एक अंक है, अतः भाज्य 2312 में इकाई के अंक के ठीक पहले एक ऊर्ध्वाधर रेखा खींच दी गई है।

(3) भाज्य का प्रथम अंक 2 यथा प्रदर्शित एक क्षैतिज रेखा खींच कर ठीक उसी के नीचे लिखा गया है। यह भागफल का पहला अंक (बायें से) होगा।

(4) अब संशोधित भाजक 1 से 2 का गुणाकर भाज्य के ठीक दूसरे अंक 3 के नीचे लिखकर इनका योग (3 + 2 = 5) क्षैतिज रेखा के नीचे 2 के आगे (दायीं ओर) लिखा गया है।

(5) अब संशोधित भाजक 1 का गुणा 5 में करके इसे भाज्य के तीसरे अंक 1 के ठीक नीचे लिखा गया है और इसके योगफल (1 + 5 = 6) को क्षैतिज रेखा के नीचे 5 के ठीक दायीं ओर लिखा गया है।

(6) अब संशोधित भाजक 1 से 6 का गुणा करके ऊर्ध्वाधर रेखा के दायीं ओर 2 के नीचे लिखा गया है। 2 और 6 का योगफल 2 + 6 = 8 यही अभीष्ट शेषफल है तथा ऊर्ध्वाधर रेखा के बायें की संख्या 256 अभीष्ट भागफल है।

टिप्पणी - प्रारम्भ में क्रियाविधि समझने में अवश्य कठिनाई का अनुभव होता होगा किन्तु अभ्यास के बाद भाग की क्रिया सरल प्रतीत होगी।

उदाहरण 2 : 21212 में 89 का भाग दीजिए।

हल : यहाँ आधार 100 से 89 का विचलन 11 है। यही संशोधित भाजक होगा। अब संशोधित भाजक 11 में 2 अंक हैं, अतः भाज्य के दायें से 2 अंक छोड़ कर ऊर्ध्वाधर रेखा खींची गयी है। शेष भागफल की क्रिया उदाहरण (1) की भाँति ही होगी।

आधार 100

भाजक 89

संशोधित भाजक 11

भाज्य

2	1	2	1		2
	2	2			
		3	3		
			7		7
2	3	7	1	1	9
				1	1
		+1	1	3	0
2	3	8		3	0

भागफल = 238

शेषफल = 30

ध्यान दें :

ऊर्ध्वाधर रेखा के दायीं ओर का योगफल 119 है जो भाजक 89 से बड़ा है, अतः संशोधित भाजक से एक बार और भाग देने की क्रिया पूर्ववत् की गयी है और तब ऊर्ध्वाधर रेखा के दायीं ओर के योगफल 130 का सैकड़े वाला अंक ऊर्ध्वाधर रेखा के ठीक बायीं ओर के अंक 7 में जोड़ कर भागफल 237 + 1 = 238 प्राप्त किया गया है।

19.3 भाग (परावर्त्य विधि)

भाजक जब आधार के समीप होता है तथा इसका प्रथम अंक 1 होता है, तब "परावर्त्य योजयेत्" सूत्र का उपयोग कर भाग की क्रिया की जाती है। इस क्रिया विधि में भाजक के प्रथम अंक (जो 1 है) को छोड़कर शेष अंकों का चिह्न बदल देते हैं। संशोधित भाजक के जितने अंक के चिह्न बदलते हैं, भाज्य के दायें से उतने ही अंक छोड़कर एक ऊर्ध्वाधर रेखा खींच देते हैं। निम्नांकित उदाहरण से क्रिया विधि स्पष्ट हो जायेगी।

उदाहरण 3 : 354223 में 11 का भाग दीजिए।

हल :

भाजक 11, परावर्त्य भाजक $\bar{1}$, आधार 10

भाज्य

	3	5	4	2	2	3
		$\bar{3}$				
			$\bar{2}$			
				$\bar{2}$		
					0	
						$\bar{2}$
भागफल =	3	2	2	0	2	1

भागफल = 32202

शेषफल = 1

क्रियाविधि

(1) भाजक 11 के प्रथम अंक 1 को छोड़कर अगले अंक का चिह्न बदल कर परावर्त्य भाजक प्राप्त किया गया है।

(2) पूर्व की भाँति भाज्य के दायें से एक अंक (जो यहाँ 3 है) को छोड़कर ऊर्ध्वाधर रेखा खींची गई है।

(3) शेष क्रिया विधि पूर्ववत् है। भागफल का प्रथम अंक (बायें से) 3 है। उसमें जब परावर्त्य भाजक $\bar{1}$ का गुणा करेंगे तो $3 \times \bar{1} = \bar{3}$ प्राप्त होगा, जो 5 के ठीक नीचे लिखा गया है। अब $5 + \bar{3}$

= 36 + 5

= 41 = बीजांक 5

अतः भाग की क्रिया एवं उत्तर शुद्ध है।

क्षेत्रफल एवं आयतन ज्ञात करने के प्रश्नों में वैदिक गणित की गुणा करने की विधियों का प्रयोग कर गणना को सुगमतापूर्वक कर सकते हैं। ध्यान देने योग्य है कि किसी साधारण संख्या में विनकुलम संख्या का गुणा ठीक उसी प्रकार से करते हैं जैसे साधारण गुणा के प्रश्नों में करते हैं।

जैसे $\bar{3} \times \bar{4} = (-3) \times (-4) = 12$

$\bar{2} \times 5 = (-2) \times 5 = -10$

$1\bar{3} \times \bar{2}1$ ऊर्ध्व तिर्यग्भ्याम् विधि से

$1\ \bar{3}$

$\times\ \bar{2}\ 1$

$1\times\bar{2}\ /\ 1\times1+\bar{2}\times\bar{3}\ /\ \bar{3}$

$=\ \bar{2}\ /\ 7\ /\ \bar{3}\ =\ \bar{2}7\bar{3}$

$=\ (-200 + 70 - 3) = -133$

उत्तर की जाँच : $1\bar{3} = 10 - 3 = 7$

$\bar{2}1 = -20 + 1 = -19$

अब $1\bar{3} \times \bar{2}1 = 7 \times (-19)$

$= -133$

19.5 वर्ग सूत्र

(1) एक न्यूनेन पूर्वेण

जब कोई संख्या अपने आधार से ठीक 1 कम होती है, तब उस संख्या का वर्ग करने के लिए इस सूत्र का प्रयोग करते हैं।

उदाहरण : 999999 का वर्ग कीजिए।

हल : यहाँ दी हुई संख्या का आधार 1000000 है। तथा यह अपने आधार से ठीक 1 कम है।

अतः $(999999)^2$ का बायाँ पक्ष $= 999999 - 1$

$= 999998$

तथा उपर्युक्त का दायाँ पक्ष $= (-1)^2$

$= 000001$

(ध्यान दें, चूँकि आधार में छः शून्य हैं, अतः संख्या 999999 के वर्ग के दायें पक्ष में छः स्थान होंगे।)

अतः $(999999)^2 = 999998/000001$

$= 999998000001$ उत्तर

(2) एकाधिकेन पूर्वेण

जब किसी संख्या का इकाई वाला अंक 5 होता है तब इस सूत्र का प्रयोग करते हैं। इस संख्या के वर्ग का दायाँ पक्ष $5^2 = 25$ ही सदैव रहता है तथा इसका बायाँ पक्ष ज्ञात करने के लिए संख्या में इकाई को छोड़ शेष अंकों की संख्या में उसके उत्तरवर्ती संख्या का गुणा करते हैं।

उदाहरण : 285 का वर्ग ज्ञात कीजिए।

हल : उपर्युक्त नियम विधि से वर्ग का दायाँ पक्ष $= 5^2$

$= 25$

तथा वर्ग का बायाँ पक्ष $= 28 \times (28+1)$

$= 28 \times 29$

$= 812$

अतः $(285)^2 = (812/25)$

$= 81225$ उत्तर

(3) ऊर्ध्वतिर्यग्भ्याम्

यह सर्वाधिक शक्तिशाली क्रियाविधि है। इसमें दो संख्याओं के परस्पर गुणा करने की "ऊर्ध्वतिर्यग्भ्याम् सूत्र" का प्रयोग कर संख्या का वर्ग ज्ञात करते हैं।

उदाहरण : 3478 का वर्ग कीजिए।

हल : ह सै द इ

3 4 7 8

3 4 7 8

ह. सै. द. इ.

ह. सै. द. इ.

सै. द. इ.

सै. द. इ.

दायें से बायें के क्रम में

वर्ग का प्रथम भाग $= 8 \times 8 = 64$

वर्ग का द्वितीय भाग $= 8 \times 7 + 7 \times 8 = 2(7 \times 8) = 112$

वर्ग का तृतीय भाग $= 8 \times 4 + 4 \times 8 + 7 \times 7 = 2(4 \times 8) + 49 = 113$

वर्ग का चतुर्थ भाग $= 8 \times 3 + 3 \times 8 + 7 \times 4 + 4 \times 7 = 2(8 \times 3) + 2(4 \times 7) = 104$

वर्ग का पंचम भाग $= 7 \times 3 + 3 \times 7 + 4 \times 4 = 2(7 \times 3) + 16 = 58$

वर्ग का छठाँ भाग $= 4 \times 3 + 3 \times 4 + = 2(4 \times 3) = 24$

वर्ग का सातवाँ भाग $= 3 \times 3 = 9$

अतः $(3478)^2 =$

दस लाख	लाख	द.ह.	ह.	सै.	द.	इ.
9	24	58	104	113	112	64

$=$ 12096484 उत्तर

टिप्पणी : क्रिया-विधि समझ लेने के बाद इस विधि से किसी भी संख्या का वर्ग एक पंक्ति में कर सकते हैं। क्रम से दायें से बायें बढ़ते हुए, हासिलों को मस्तिष्क में रखते हुए तथा इनको यथास्थान जोड़ते हुए संख्या का वर्ग सरलतापूर्वक कर सकते हैं।

वास्तव में इस क्रियाविधि में सूत्र

$$((a+b+c)^2 = a^2+b^2+c^2+2ab+2bc+2ca)$$

का ही प्रयोग करते हैं।

यदि संख्या में केवल एक अंक है, तब $(a)^2 = a \times a = a^2$

यदि संख्या में दो अंक है तो $(a+b)^2 = a^2 + b^2 + 2ab$

तथा यदि संख्या में 4अंक है तो $(a+b+c+d)^2 = a^2+b^2+c^2+d^2+2ab+2ac+2ad+2bc+2bd+2cd$ का प्रयोग करते हैं।

संख्या के वर्ग का बीजांक विधि से जाँच

संख्या 3478 का बीजांक $= 3+4+7+8 = 4$

अब 4 के वर्ग 16 का बीजांक $= 7$

अब $(3478)^2 = 12096484$ का बीजांक $= 7$

अतः उत्तर सही है।

19.6 वर्गमूल विलोकनम्

किसी संख्या का वर्गमूल ज्ञात करने की विधि निम्नांकित उदाहरणों द्वारा समझते हैं।

उदाहरण 1 : 4096 का वर्गमूल ज्ञात कीजिए।

हल : दायें से बायें के क्रम में 2-2 का युग्म बनाते हैं।

स्पष्टतः ये युग्म 96 एवं 40 होंगे। अतः 4096 के वर्गमूल के दो अंक होंगे।

अब वर्गमूल ज्ञात करने की क्रिया विधि देखें।

```
      6 4
   ---------
 6 | 4 0 9 6
   - 3 6
   ---------
       4 9
     - 4 8
     -------
         1 6
       - 1 6
       -----
         0 0
```

$2a = 2 \times 6 = 12$ (भाजक संख्या) अब $12 \times 4 = 48$ घटायेंगे। यही 4 वर्गमूल का अगला अंक होगा अर्थात् $b = 4$ अब $b^2 = 4^2 = 16$ घटायेंगे।

(i) $1^2, 2^2, 3^2, \ldots$ में हम देखते हैं कि 6^2 ही वह वर्ग संख्या है जो 40 से ठीक छोटी है क्योंकि $7^2 = 49$, 40 से बड़ा है, अतः $7^2 = 49$ ग्राह्य नहीं है।

(ii) 40 में से 6^2 घटाने पर शेष 4 बचता है। हम इसके आगे केवल एक अंक (जो 9 है) ही उतारते हैं।

(iii) 49 में से 48 घटाने पर शेष 1 बचा, इसके आगे ऊपर से अगला अंक 6 उतारेंगे। अब इस प्रकार प्राप्त संख्या 16 में से $4^2 = 16$ घटायेंगे।

अतः $\sqrt{4096} = 64$ उत्तर

उदाहरण 2 : 15625 का वर्गमूल ज्ञात कीजिए।

हल : उपर्युक्त क्रियाविधि का प्रयोग करते हुए हम देखते हैं कि $15625 = \overline{1}\,\overline{56}\,\overline{25}$

अतः 15625 के वर्गमूल में कुल 3 अंक होंगे।

ध्यान दीजिए, उदाहरण (1) में वर्णित विधि के अनुसार हम शेषफल के ठीक आगे ऊपर से केवल एक अंक ही उतारते हैं। आज की वर्गमूल की प्रचलित विधि के अनुसार हम कभी भी जोड़ी को नहीं उतारते हैं।

$2 \times 1 = 2$ (भाजक संख्या)
$2 \times 2 = 4$ वर्गमूल का द्वितीय अंक 2 है, अतः $2^2 = 4$ घटायेंगे। अब यहाँ वर्गमूल के प्रथम दो अंकों से बनी संख्या (12) है, हम इसका दुगुना कर नयी भाजक संख्या $2 \times 12 = 24$ प्राप्त करेंगे।

हम देखते हैं कि $24 \times 5 = 120$ जो 122 से कम है। अतः 122 में से 120 घटायेंगे तथा वर्गमूल का अगला अंक 5 होगा अब $5^2 = 25$ घटायेंगे।

```
      (12)5
1 | 1 5 6 2 5
  | 1
  |---------
  | × 5
  | - 4
  |---------
  |   1 6
  |
  |  - 4
  |---------
  |   1 2 2
  |  -1 2 0
  |---------
  |     2 5
  |   - 2 5
  |---------
  |     × ×
```

अतः $\sqrt{15625} = 125$ उत्तर

टिप्पणी : हम देखते हैं कि पूर्ण वर्ग संख्या 15625 में बायें से तीन अंकों से बनी संख्या 156 में से वर्गमूल के बायें से दो अंकों की संख्या 12 का वर्ग 144 घटाने पर शेषफल 16 प्राप्त होता है, अतः यह जाँच है कि हल के उपर्युक्त चरण शुद्ध हैं।

ध्यान दें

n अंकों वाली किसी पूर्ण वर्ग संख्या में यदि n विषम है तो उस संख्या के वर्गमूल में अंकों की संख्या सदैव $\left(\frac{n+1}{2}\right)$ होती है और यदि n सम है तो वर्गमूल में अंकों की संख्या सदैव $\left(\frac{n}{2}\right)$ होती है।

(321)

19.7 घनसूत्र (आनुरूप्येण)

किसी दो अंकों वाली संख्या का घन ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम हम उसके अंकों के बीच का अनुपात ज्ञात करते हैं और फिर प्रथम अंक (दहाई वाला अंक) का घन ज्ञात कर प्रथम स्तम्भ में लिखते हैं। उसके ठीक आगे के स्तम्भ में हम स्तम्भ वाली घन संख्या में संख्या के (इकाई : दहाई) वाली संख्या का गुणा कर लिखते हैं। पुनः तीसरे स्तम्भ में द्वितीय स्तम्भ वाली संख्या में उपर्युक्त अनुपात वाली संख्या से गुणा कर लिखते हैं और पुनः चौथे स्तम्भ में भी इसी विधि का अनुसरण करते हुए तीसरे स्तम्भ वाली संख्या में उपर्युक्त आनुपातिक संख्या का गुणा कर लिख देते हैं। चौथे स्तम्भ में इस प्रकार लिखी हुई संख्या निश्चय ही दी हुई संख्या के इकाई के अंक का ही घन होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं है तो निश्चय ही गणना में कहीं कोई त्रुटि हुई होगी।

अब हम उदाहरणों के द्वारा इसे समझते हैं।

उदाहरण 1 : 36 का घन कीजिए

हल : $3^3 = 27$ | $27 \times \frac{6}{3} = 54$ | $54 \times \frac{6}{3} = 108$ | $108 \times \frac{6}{3} = 216$

यहाँ हम देखते हैं कि 36 में इकाई 6, दहाई 3 का दुगुना है, अतः हम सीधे स्तम्भ की संख्या $3^3 = 27$ प्राप्त कर क्रमशः दुगुना करते हुए शेष तीनों स्तम्भों की संख्याएँ 54, 108 व 216 प्राप्त कर सकते हैं।

अब इसके आगे मध्य के दो स्तम्भों में ऊपर वाली संख्या का दुगुना कर इनके नीचे लिख कर स्तम्भों की संख्याओं का निम्नवत् योग प्राप्त करते हैं :

$(36)^3 =$ दस.ह	ह.	सै.	द.	इ.
		1	1	
	19	34	21	
	27	54	108	216
		108	216	
4	6	6	5	6

अतः $(36)^3 = 46656$ उत्तर

उपर्युक्त स्तम्भों की संख्याओं के योगफलों को निम्नवत् जोड़कर घन वाली संख्या के इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार एवं दस हजार के अंकों को ज्ञात करें।

```
    2 1 6
  3 2 4
1 6 2
2 7
---------
4 6 6 5 6
```

उदाहरण 2 : 69 का घन ज्ञात कीजिए।

हल : यहाँ इकाई : दहाई = 9 : 6 = $\frac{3}{2}$ है।

अतः

$(69)^3 = \Big|\ 6^3 = 216\ \Big|\ 216 \times \frac{3}{2} = 324\ \Big|\ 324 \times \frac{3}{2} = 486\ \Big|\ 486 \times \frac{3}{2} = 729$

स्पष्टतः 729 = $(9)^3$ अतः चारों स्तम्भों की संख्याएँ शुद्ध हैं।

अब आगे की क्रिया विधि के चरण देखें -

$(69)^3$ =

द.ह.	ह.	सै.	द.	इ.
	216	324	486	729
		648	972	
	216	972	1458	729
32	8	5	0	9

```
     7 2 9
   1 4 5 8
   9 7 2
 2 1 6
-----------
 3 2 8 5 0 9
```

अतः $(69)^3$ = 328509 उत्तर

उदाहरण 3 : 125 का घन कीजिए।

यहाँ 125 में (12) को एक साथ लेकर चलेंगे। और तब 5 और 12 के बीच का अनुपात $\frac{5}{12}$ लेकर उपर्युक्त विधि से आगे बढ़ेंगे।

$(125)^3 = \Big|\ (12)^3 = 1728\ \Big|\ 1728 \times \frac{5}{12} = 720\ \Big|\ 720 \times \frac{5}{12} = 300\ \Big|\ 300 \times \frac{5}{12} = 125\ \Big|$

अतः $(125)^3$ =

1728	720	300	125
	1440	600	
1728	2160	900	125

```
          1 2 5
        9 0 0
    2 1 6 0
  1 7 2 8
-----------------
  1 9 5 3 1 2 5
```

अतः $(125)^3$ = 1953125 उत्तर

ध्यान दें : यदि a और b अंकों से कोई संख्या बनी है तो $(a+b)^3 = a^3+3a^2b+3ab^2+b^3$ होता है। उपर्युक्त क्रिया विधि में,

प्रथम स्तम्भ में a^3 वाली संख्या है,

द्वितीय स्तम्भ वाली संख्या $a^3 \times \frac{b}{a} = a^2b$

तृतीय स्तम्भ की संख्या $a^2b \times \frac{b}{a} = ab^2$ है।

और चतुर्थ स्तम्भ की संख्या $ab^2 \times \frac{b}{a} = b^3$ है।

अतः चारों स्तम्भों की संख्याएँ, क्रमशः (a^3, a^2b, ab^2, b^3) हैं। इसी कारण मध्य के स्तम्भों की संख्याओं का दुगुना उनके नीचे लिखकर उनका योग करते हैं, जिससे $(a+b)^3 = a^3+3a^2b+3ab^2+b^3$ प्राप्त हो जाय।

19.8 घनमूल विलोकनम

हम उपर्युक्त सूत्र $(a+b)^3 = a^3+3a^2b+3ab^2+b^3$ के आधार पर पूर्णघन संख्याओं का घनमूल ज्ञात करें और यहाँ ध्यान दें कि एक अंक वाली संख्या के घन में 1 या 2 या 3 अंक होंगे, जैसे :

$1^3 = 1$, $2^3 = 8$, $3^3 = 27$, $4^3 = 64$, $5^3 = 125$, $6^3 = 216$, $7^3 = 343$, $8^3 = 512$ और $9^3 = 729$

यदि संख्या में 2 अंक हैं तो उसके घन में 4 या 5 या 6 अंक होंगे। 3 अंकों वाली संख्या के घन में 7 या 8 या 9 अंक होंगे।

व्यापक रूप में n अंको वाली संख्या के घन में (3n–2) या (3n-1) या 3n अंक होते हैं।

इसीलिए पूर्ण घन संख्या का घनमूल ज्ञात करने में हम दायें से बायें के क्रम में 3-3 अंकों के समूह बनाकर घनमूल में अंकों की संख्या ज्ञात कर लेते हैं। सबसे बायें वाले समूह में 1 या 2 अंक भी हो सकते हैं।

अब हम उदाहरणों के माध्यम से घनमूल ज्ञात करना समझते हैं।

उदाहरण 1 : 13824 का घनमूल ज्ञात कीजिए

$2^3 = 8$ घटाया

भाजक संख्या $3a^2 = 3\times2^2 = 12$

$12\times4 = 48$ घटाया

यहाँ $b = 4$ प्राप्त

अब $3ab^2 = 3\times2\times4^2 = 96$ घटाया

पुनः $b^3 = 4^3 = 64$ घटाया

```
   24
 ______
 1̅ 3̅8̅2̅4̅
 -8
 ______
 58
 -48
 ______
 102
 -96
 ______
 64
 -64
 ______
 ××
```

अतः 13824 का घनमूल = 24 है।

टिप्पणी : घनमूल में भी वर्गमूल की भाँति शेषफल के आगे ऊपर (दी हुई संख्या) में क्रमशः एक-एक अंक ही उतार नये भाज्य प्राप्त करते हैं तथा भाजक क्रमशः $a^3, 3a^2b, 3ab^2$ तथा b^3 मान वाली संख्याएँ ही होती हैं।

उदाहरण 2 : 1953125 का घनमूल ज्ञात कीजिए।

हल : 1953125 = 1 9̅5̅3̅ 1̅2̅5̅

अतः घनमूल में 3 अंक होंगे। क्रियाविधि पूर्ववत् ही रहेगी।

$1^3 = 1$ घटाया

$3a^2 = 3\times1^2 = 3$ (भाजक)

$3\times2 = 6$ घटाया

स्पष्टतः $b = 2$

अब $3(ab^2) = 3\times1\times2^2 = 12$ घटाया

$b^3 = 2^3 = 8$ घटाया

अब $a = 12$ मानेंगे।

$(12)^3$ तक घटा चुके हैं अतः अब $3a^2 = 3\times12^2 = 432$ नयी भाजक संख्या है।

स्पष्टतः 2251 में 5 बार भाग जायेगा।

अतः घनमूल का अगला अंक 5 होगा।

$3ab^2 = 3\times(12)\times5^2 = 900$ घटाया

$b^3 = 5^3 = 125$ घटाया

```
   (12)5
 ____________
 1 9̅5̅3̅ 1̅2̅5̅
 -1
 ____________
 ×9
 -6
 ____________
 35
 -12
 ____________
 233
 -8
 ____________
 2251
 -2160
 ____________
 91
 912
 -900
 ____________
 125
 -125
 ____________
 ×××
```

आप देख सकते हैं कि 1953 में से $(12)^3 = 1728$ घटाने पर 225 प्राप्त होता है। अतः घनमूल के चरण पूर्णतः शुद्ध है।

अतः 1953125 का घनमूल = 125 उत्तर

विशेष टिप्पणी

यदि हम 1 से लेकर 9 तक के अंकों के घन (जो क्रमशः 1, 8, 27, 64, 125, 216, 343, 512, 729 हैं) पर ध्यान दें तो पाते हैं कि घनवाली संख्या के इकाई के स्थान पर जो अंक प्राप्त होते हैं, वे अद्वितीय हैं, उनकी कभी भी दुबारा आवृत्ति नहीं होती है। अतः यदि दी हुई संख्या पूर्ण घन है तो उसके घनमूल में इकाई का सही अनुमान लगा सकते हैं, उदाहरण (1) में 13824) के घनमूल में इकाई 4 है और उदाहरण (2) में 1953125 के घनमूल में इकाई का अंक 5 है।